वार्षिक विचार उत्सव संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ, महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार विमर्श हुआ

सवेरा न्यूज/आकाश द्विवेदी, नई दिल्ली, 9 सितम्बर : एमडीआई गुड़गांव ने अपने वार्षिक विचार उत्सव संवाद 2024 का आयोजन किया। दो दिवसीय इस आयोजन का संचालन प्रतिष्ठित पीजीडीएम बिजनेस मैनेजमैंट (बीएम) कार्यक्रम के छात्रों द्वारा किया गया। संवाद कार्यक्रम में उद्योग जगत के नेताओं, शिक्षाविदों और छात्रों ने एआई, सस्टेनेबिलिटी और बिजनेस इनोवेशन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार विमर्श किया। पहले दिन उद्घाटन सत्र में मुख्यातिथि अजीत पई, माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के बिक्रमजीत देबनाथ और एमडीआई गुड़गांव की प्रो. सुमिता राय ने अपने विचार साझा किए। अजीत पई ने भारत के आर्थिक विकास पर प्रकाश डाला, जबकि बिक्रमजीत देबनाथ ने स्थिरता में माइक्रोसॉफ्ट के प्रयासों को रेखांकित किया। प्रो. राय ने प्रौद्योगिकी और स्थिरता के महत्व पर जोर दिया। दूसरे दिन भारत को कल के लिए एक इनोवेशन लीडर बनाना और एक सतत भविष्य का वित्तपोषण पर चर्चाएं हुईं। संवाद प्रतियोगिता और सांस्कृतिक समारोह के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जो ज्ञानवर्धन और नैटवर्किंग का एक उत्कृष्ट मंच साबित हुआ।